देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 161 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**देर से पता चला



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 26 सितंबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 21.0⁰

37244.59

2 बाजवा अपने ही बिछाए जाल में फंसे

7 मैच के दौरान गावसकर ने किया था कॉमेंट

## संक्षिप्त समाचार

### किसी भी कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए वैचारिक दृढ़ता का होना जरूरीः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास से ''आत्मनिर्भरता से अन्त्योदय तक'' वर्चुअल युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में जो उत्साह एवं जोश होता है, सही दिशा मिलने पर युवा सब कुछ कर सकता है। युवा अवस्था में जोखिम लेने का जज्बा भी होता है और समय भी। किसी भी कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए वैचारिक दृढ़ता का होना जरूरी है। हमें किस दिशा में आगे बढ़ना है, इसके लिए सोच स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में युवाओं एवं महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### 16 घरों में पाया गया मच्छर का लार्वा

**संवाददाता** देहरादून। जनपद में प्रभावी डेंगू–मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण टीम द्वारा विकासनगर क्षेत्र में 106 घरों का भ्रमण निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 16 घरों में मच्छर का लार्वा पाया गया तथा 396 कंटेनर की जांच करने पर 56 कंटेनर में मच्छर का लार्वा पाया गया, जिसे टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। टीम द्वारा क्षेत्र में जनमानस को जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए।

### यूजीसी ने विवि को एक नवंबर से शैक्षणिक सत्र शुरु करने के निर्देश दिए

**संवाददाता** श्रीनगर गढ़वाल। यूजीसी ने विवि को एक नवंबर से शैक्षणिक सत्र 2020–21 की कक्षाएं शुरू करने करने के निर्देश दिए हैं। विवि को मार्च 2021 तक प्रथम बैच की परीक्षा भी कराने के लिए कहा गया है। हालांकि गढ़वाल केंद्रीय विवि ने नवंबर माह से पहले ही कक्षाएं शुरू करने की योजना बनाई है। कोरोना संक्रमण के चलते इस वर्ष शैक्षणिक सत्र देरी से शुरू हो रहा है।

# बिहार में चुनाव की तारीखों का ऐलान

## तीन चरणों में वोटिंग, 10 नवंबर को आएंगे नतीजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना संकट की तमाम चुनौतियों को दरकिनार करते हुए चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बिहार के सियासी महासमर का ऐलान कर दिया है। कोरोना को देखते हुए पिछले दो दशक में संभवतरू सबसे कम अवधि और चरणों में चुनाव की पूरी प्रकिया होगी। 28 अक्टूबर से तीन चरणों में मतदान तीन नवंबर और सात नवंबर को होगा और नतीजे की घोषणा 10 नवंबर को होगी। खास बदलाव यह है कि मतदान के लिए एक घंटे का वक्त बढ़ाया गया है। यह सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। यह बदलाव नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नहीं होगा। अन्य सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बिहार विधानसभा चुनाव का ऐलान करते हुए कहा कि कोरोना

■7.29 करोड़ वोटर डालेंगे वोट, सभी के पास होगा फोटो आइडी

काल में यह देश का पहला बड़ा चुनाव होने जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में कोरोना के चलते दुनिया के करीब 70 देशों में चुनाव का टाले गए है। हम चाहते थे, कि लोगों का लोकतंत्र का अधिकार बना रहे। यही वजह है कि सभी स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के तहत चुनाव कराने जा रहे है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए पोलिंग बूथों की संख्या भी बढ़ाई गई है। 2015 के चुनाव में बिहार में कुल 65 हजार पोलिंग बूथ बनाए गए थे, इस बार इनमें करीब 63 फीसद की बढ़ोत्तरी गई की गई है। जो अब 1.06 लाख हो गई है। इसके तहत प्रत्येक पोलिंग बूथ पर वोटरों की संख्या अब औसतन 684 के आसपास हो गई है। पहले यह पंद्रह सौ या उससे ज्यादा भी होती थी।

**चुनाव तीन चरणों में होगा**

पहले चरण में 16 जिलों और 71 सीटों पर चुनाव। दूसरे चरण में 17 जिलों में चुनाव होगा। दूसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव होगा।तीसरे चरण में 15 जिलों में 78 सीटों पर चुनाव होगा। पहले चरण की अधिसूचना 1 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 8 अक्टूबर है। 28 अक्टूबर को पहले चरण का मतदान होगा। दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 9 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 16 अक्टूबर होगी। 3 नवंबर को दूसरे चरण की वोटिंग होगी। इसी तरह तीसरे चरण के लिए अधि ासूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर होगी। आखिर चरण की वोटिंग 7 नवंबर को होगी। इसके साथ ही 10 नवंबर को चुनाव परिणाम आएंगे।

**मतदान केंद्रों पर ग्लब्स और मास्क की भी रहेगी व्यवस्था**

कोरोना संक्रमण को देखते हुए वोटिंग के लिए आने वाले प्रत्येक वोटरों के लिए मास्क और ग्लब्स को अनिवार्य किया गया है। इस दौरान प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मास्क और ग्लब्स की व्यवस्था भी रहेगी। जिनके पास मास्क और ग्लब्स नहीं होगा, उन्हें यह दिया जाएगा। इसके तहत 46 लाख मास्क और 7 करोड़ हैंड ग्लब्स, लगभग 7 लाख हैंड सैनीटाइजर, 6 लाख पीपीइ किट का इंतजाम किया गया है। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर थर्मल स्कैनर भी रहेगी। जहां मतदान के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच के बाद भी पोलिंग बूथ के अंदर जाने दिया जाएगा। वहीं कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए भी वोट डालने की व्यवस्था की गई है। जो वोटिंग के अंतिम घंटे में मतदान के लिए आएंगे। यानी सामान्य बूथ पर शाम 5 से 6 बजे तक संक्रमित वोटर आ सकेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार 7.29 करोड़ से ज्यादा वोटर मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। इनमें लंबे समय से बाहर रहने वाले करीब 2.3 लाख ऐसे लोग मजदूर भी है, जो कोरोना संक्रमण के चलते लगाए देशव्यापी लॉकडाउन के बीच लौट आकर आए थे। विशेष अभियान चलाकर इन सभी के नाम पहली बार वोटर लिस्ट में शामिल किया गया है।

# राज्य में कोरोना के 928 नए मामले, 13 की मौत

## वर्तमान में राजधानी दून में 3662 व्यक्ति उपचाररत

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य में शुक्रवार को कोरोना के 928 नये केस सामने आए। 13 मरीजों की मौत हुई। जबकि 1488 मरीज ठीक होकर घर भेजे गए। सबसे अधिक मरीज देहरादून में 203, नैनीताल में 173, पौड़ी 107, यूएसनगर 117 में सामने आए। कुल 13 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत भी हुई। कुल मौत का आंकड़ा 555 पहुंच गया है।

स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के अनुसार अल्मोड़ा में 51, बागेश्वर 21, चमोली 65, चंपावत 30, हरिद्वार 87, पिथौरागढ़ चार, रुद्रप्रयाग 13, टिहरी 33, उत्तरकाशी में 24 नये केस सामने आए। 7217 मरीजों के सैंपल निगेटिव पाए गए। 8022 सैंपल जांच को भेजे गए। 11993 सैंपल की रिपोर्ट का अभी इंतजार किया जा रहा है। राज्य में मरीजों का डबलिंग रेट अब 33.81 दिन पहुंच गया है। रिकवरी रेट 74.21 प्रतिशत है। संक्रमण दर 7.16 प्रतिशत है। शुक्रवार को कुल 13 मौत हुई। एम्स में एक, दून मेडिकल कालेज में एक, महंत इंद्रेश में एक, सिनर्जी में तीन, कनिष्क में एक, हल्द्वानी में एक, श्रीनगर में दो, रुद्रपुर में दो मरीजों की मौत हुई।

जल संस्थान के प्रभारी सहायक अभियंता देवेंद्र सिंह झिंक्वाण का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्हें कोरोना पॉजिटिव होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। शुक्रवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्य महाप्रबंधक एसके शर्मा, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष प्रशांत सेमवाल, जल निगम डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ अध्यक्ष रामकुमार, महासचिव अजय बेलवाल ने शोक जताया।

**दून में कोरोना संक्रमितों की संख्या 12044 पहुंची**

जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत प्राप्त हुई रिपोर्ट में 203 व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त होने के फलस्वरूप जनपद में आतिथि तक कोरोना से संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 12044 हो गयी है, जिनमें कुल 8075 व्यक्ति उपचार के उपरान्त स्वस्थ हो गये हैं। वर्तमान में जनपद में 3662 व्यक्ति उपचाररत हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में आज जांच हेतु कुल 1192 सैम्पल भेजे गये। कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत बचाव एवं रोकथाम हेतु जनपद अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों में वर्तमान में 120 आईसीयू बैड रिक्त हैं।

# किसानों को सहज तरीके से दें नए सुधारों की जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देश के किसानों के लिए लाए गए विधेयक के तहत होने वाले सुधारों के बारे में विस्तार से बताया और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसानों के पास जाकर सहज तरीके से इस बारे में उन्हें समझाएं।

प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए स्वागत करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, हमारे लिए ये सौभाग्य की बात है और गौरव का विषय है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने अपने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के कार्यकाल में एकात्म मानववाद और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास के विचार को जमीनी स्तर पर उसका क्रियान्वयन किया, रूप दिया। कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर प्रधानमंत्री ने सलाह देते हुए कहा, दो गज की दूरी, मास्क, हाथ की साफ–सफाई, इन सभी के लिए जागरूकता फैलाना, निरंतर जरूरी है। हमें खुद भी इन नियमों का सख्ती से पालन करना है और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना है।

**अपील**

■पीएम मोदी ने की भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अध्ययन की जरूरतः** प्रधानमंत्री ने कहा, देश के सामान्य वर्ग को जब हमारी बहुत ज्यादा जरूरत थी तब हमने अपने राष्ट्रव्यापी नेटवर्क की ताकत अपने देश के लोगों की सेवा में लगा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ताओं से आग्रह करूंगा कि हर इकाई 5 दिन या 7 दिन का एक विशेष सत्र तय करें, जो विद्वान लोग हैं उनको बुलाएं। अध्ययन करने के बाद हम भी समाज में जाकर इसके लाभ समाज में पहुंचाएं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, वैचारिक तंत्र और राजनीतिक मंत्र, साफ है, गोलमोल नहीं है, हमने उसको जीकर दिखाया है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# SAARC समिट होस्ट करने के पाक के सपने को झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माले। मालदीव क्षेत्रीय सहयोग के अपने रुख पर कायम है। मार्च में हुई लीडर्स मीटिंग की कड़ी में मालदीव 19वा SAARC समिट कराने के लिए बेहतर माहौल बनाने की अपील की है। मालदीव ने कहा है कि अभी कोरोना वायरस की महामारी से निपटने की कोशिश की जा रही है और यह समय समिट का वक्त तय करने का नहीं है। SAARC काउंसिल की गुरुवार को हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई।

विदेश मंत्रियों की बैठक में मालदीव ने दिया भारत का साथ

**यह सही समय नहींः** मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा है कि मालदीव को अभी नहीं लगता है कि यह समय पाकिस्तान के SAARC समिट की मेजबानी करने का नहीं है। बैठक में कई देशों ने माना कि अभी यह मौका नहीं है कि इवेंट के समय पर चर्चा की जाए। इसलिए पाकिस्तान की मेजबानी का प्रस्ताव सहमति नहीं बन पाने के कारण गिर गया। पाकिस्तान 2016 से SAARC समिट होस्ट करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, 2016 के बाद भारत ने उरी, पठानकोट और पुलवामा के आतंकी हमले के बाद इवेंट का बहिष्कार करने का फैसला किया था।